**अतिक्रमण** — नगर परिषद की उदासीनता के चलते शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं

# साहब अतिक्रमण से ब्योहारी को कब मिलेगी मुक्ति




**ब्योहारी।** नगर परिषद ब्योहारी के अधिकारियों की उदासीन रवैया के चलते ब्योहारी नगर अतिक्रमण की चपेट से कराह रहा है। रेल्वे स्टेशन से लेकर टंकी तिराहा तक फुटपाथ व्यापारियों द्वारा गोमती, सब्जी दुकान और झोपडी बना कर अतिक्रमण किये है जिससे लोगों को आने जाने मे दिक्कत हो रही है वंही दुर्घटना होने की भी संभावना बनी रहती है। अपने आवास एवं कार्यालय के सामने से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर खुद हल्का पटवारी ब्योहारी, पीडब्लूडी एसडिओ और शासकीय कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने नगर परिषद को पत्र लिखा पर नगर परिषद के सीएमओ शरद गौतम के कान मे जुँ तक नहीं रेग रहा है।

## पत्र की अनदेखी करने का आरोप

पीडब्लूडी कार्यालय के सामने से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर पीडब्लूडी एसडिओ ने नगर परिषद सीएमओ को कई बार पत्र लिखा गया इसके बाद भी सीएमओ अतिक्रमण को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे है इतना ही नहीं हल्का पटवारी ब्योहारी और कॉलेज के सामने से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने भी पत्र लिखा है पर उसका भी असर सीएमओ पर नहीं हो रहा पता नहीं क्यों। आखिरकार किसके दबाव मे अतिक्रमण के खिलाफ सीएमओ द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही ये वही जाने।

### लोगों को आने जाने मे होती है दिक्कत

सड़क निर्माण के दौरान पैदल चलने के लिये फुटपाथ का निर्माण कराया गया है पर वंहा ब्यापारियों द्वारा सब्जी और ठेला लगा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। सूत्रों द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियों पर पैसा लेकर दुकान लगवाये जाने की बात कहीं जा रही है हकीकत का खुलासा जांच से हो सकता है किन्तु अतिक्रमण होने से लोगों को पैदल चलने मे काफी दिक्कत हो रही है। कई बार भीड़ भाड़ होने के कारण दुर्घटना भी घटित हो चुकी है इसके बाद भी नगर परिषद सीएमओ द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### इनका कहना है

अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। हम सोच रहे थे कि 15 अगस्त निकल जाये इसके बाद कार्यवाही करते है।

**शरद गौतम**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद, ब्योहारी

# अजय अवस्थी बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष



**शहडोल।** शहडोल कांग्रेस में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हाल ही में नवनिर्वाचित कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदरणीय अजय अवस्थी ने पदभार संभालने के बाद जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात का सिलसिला शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में, उन्होंने आज कई प्रमुख कांग्रेसी नेताओं के आवास पर जाकर संगठन को मजबूत करने के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की।

**वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात–** अजय अवस्थी ने पूर्व विधायक गंभीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. बाल्मीक गौतम, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, चंद्रशेखर अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खरे, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, कृष्णकांत चतुर्वेदी, एडवोकेट रविंद्र श्रीवास्तव, महमूद अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिंपी अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नागेंद्रनाथ सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी विनय सिंह, पूर्व जिला प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल, और वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश पाण्डेय से अपने साथियों पीयूष शुक्ला, प्रभात पांडे, अनुज मिश्रा के साथ उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। सभी नेताओं ने अजय अवस्थी को उनके नए दायित्व के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। अजय अवस्थी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए उनकी शुभकामनाओं को सहर्ष स्वीकार किया।

**कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार–** अजय अवस्थी के जिलाध्यक्ष बनने से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता उनसे मिलकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं। अजय अवस्थी ने सभी से मुलाकात कर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की बात कही।



# नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भारी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ

**शहडोल।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, खड्डा में आज एक्शन हॉस्पिटल, शहडोल द्वारा एक विशाल नि:शुल्क सर्जिकल परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में स्थानीय विधायक श्री शरद कोल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं और सर्जरी से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान अनुभवी सर्जन डॉ. कुलदीप पटेल (एसोसिएट प्रोफेसर और पूर्व विभागाध्यक्ष, सर्जरी विभाग, बीएम सरकारी मेडिकल कॉलेज, शहडोल) ने मरीजों की जांच की और उन्हें आधुनिक सर्जिकल सेवाओं के बारे में मुफ्त जानकारी दी।इस अवसर पर विधायक शरद कोल ने कहा कि ऐसे सामाजिक स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को निश्चित रूप से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के घर तक पहुंचाने के लिए एक्शन हॉस्पिटल की सराहना की। यह शिविर ग्रामीण जनता के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुआ। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता शत्रुधन पटेल और क्षेत्र के समस्त ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।

# षड्यंत्रकारी मेहुल को राष्ट्रीय बजरंग दल ने दिखाया बाहर का रास्ता







**धनपुरी, नवभारत।** जुलाई माह की 26 तारीख को आजाद चौक धनपुरी में राष्ट्रीय बजरंग दल का जिला कार्यकारी अध्यक्ष मेहुल श्रीवास्तव बंडी बेम्हौरी खन्नाध के दर्जन भर लड़कों के साथ प्रशासन को बिना किसी पूर्व सूचना के चक्काजाम कर देता है। चौराहे में मेहुल श्रीवास्तव के कहने पर बंडी बेम्हौरी खन्नाध के लड़के सड़क पर बैठ जाते हैं। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के इरादे से पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी इन लोगों के द्वारा बनाया जाता है। चौराहे में चक्काजाम होने की जानकारी मिलते ही धनपुरी पुलिस भागे-भागे चौराहे पहुंचती है और वहां भी पुलिस से जानबूझकर बहस की जाती है ताकि अपने मुंह अपनी बड़ाई करने के लिए प्रमाण रहे कि वह शहडोल का तोगड़िया है। इस घटनाक्रम में मेहुल श्रीवास्तव के द्वारा जानबूझकर विवाद का सिर्फ एक पहलू पुलिस प्रशासन के सामने लाया था। पुलिस भी शायद बंडी बेम्हौरी खन्नाध से आये लड़कों के दबाव में आ जाती है और बिना किसी जांच के हातिम के ऊपर मुकदमा कायम करके उसे जेल भेज देती है। दूसरे दिन बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग धनपुरी थाने पहुंचते हैं और पुलिस को पूरे विवाद की हकीकत प्रमाणों के साथ देते हैं जिसके बाद धनपुरी पुलिस को दूसरे दिन इसी मामले में दूसरी एफआईआर दर्ज करनी पड़ती है और मुस्लिम धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवकों को पुलिस कस्टडी में लेती है। दोनों आरोपी नाबालिक निकलते हैं। मुस्लिम समाज के प्रति नफरत फैलाने का षड्यंत्र रचने वाले मेहुल श्रीवास्तव की शिकायत जिला कलेक्टर शहडोल ,आईजी एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव तक पहुंची थी। मुस्लिम समाज के द्वारा 11 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। धनपुरी थाने में एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धनपुरी विकास पांडे थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो के साथ मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल की बैठक भी आयोजित हुई थी। प्रशासन ने मेहुल श्रीवास्तव के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों का विवरण प्रतिनिधिमंडल को दिया। मेहुल के घर की तलाशी ली गई चौराहे में लगे अवैध होर्डिंग हटाए गए। एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह एवं एसडीओपी विकास पांडे की अपील पर मुस्लिम समाज ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया था।

**षड्यंत्र कारी मेहुल को दिखाया गया संगठन से बाहर का रास्ता–** बीते 10 अगस्त को समस्त सनातनी हिंदू समिति के लेटर पैड पर नगर के युवाओं के द्वारा प्रांत महामंत्री रमेश त्रिपाठी एडवोकेट को मेहुल श्रीवास्तव द्वारा ए. एच. पी./राष्ट्रीय बजरंग दल का नाम लेकर झूठी एवं भ्रामक जानकारी देते हुए सच्चाई को छुपाते हुए सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के संबंध में ज्ञापन दिया था। इस ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि मेहुल श्रीवास्तव धनपुरी निवासी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद/ राष्ट्रीय बजरंग दल का नाम लेकर के बीते कई वर्षों से लगातार धनपुरी बुढार अमलाई क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का प्रयास किया गया था। कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए समस्त सनातनी हिंदू समिति के सदस्यों ने मेहुल श्रीवास्तव को संगठन के दायित्वों से मुक्त करने की मांग की थी। बीते 17 अगस्त को रमेश त्रिपाठी एडवोकेट प्रांत महामंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत के द्वारा मेहुल श्रीवास्तव को जिला कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल जिला शहडोल के दायित्व से मुक्त करने का फरमान जारी कर दिया। प्रांत महामंत्री के द्वारा मेहुल श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि आपके द्वारा निरंतर संगठन की निर्धारित गतिविधि का पालन ना करते हुए संगठन की विचारधारा के विपरीत कार्य किया जा रहा है। इस कारण से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष राजू चरनागर एवं शहडोल जिले के पालक अधिकारी राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री विपिन द्विवेदी की सहमति से आपको राष्ट्रीय बजरंग दल जिला शहडोल के कार्यकारी अध्यक्ष के दायित्व से तत्काल प्रभाव से मुक्त किया जाता है।

## गंभीर धाराओं के मुकदमे भी है कायम

धनपुरी थाने में मेहुल श्रीवास्तव के खिलाफ धनपुरी थाने में 5 जून को धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही 27 जुलाई को इश्तगाशा क्रमांक 532 के तहत 107- 16 के तहत अनुबंध पत्र भराए जाने की कार्यवाही की गई थी इसके अलावा उसके खिलाफ दर्ज मामले में अतिरिक्त धारा 296 115 (2), 351 (3 ),127 (1) , 3(5) मुकदमा कायम हुआ था।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर ब्रह्मकुमारीज ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**शहडोल।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज एवं समाज सेवा प्रभाग, शहडोल द्वारा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य तिथि पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ब्रह्मकुमारीज आश्रम में रविवार, 17 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ।शिविर में कुल 22 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए कलेक्टर केदार सिंह ने ब्रह्मकुमारीज की सराहना की। उन्होंने कहा, रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे आत्मसंतुष्टि मिलती है और किसी का जीवन भी बचाया जा सकता है।

वरिष्ठ पत्रकार दिनेश अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान शिविर सामाजिक चेतना के वाहक होते हैं और युवाओं को सेवा और संस्कार से जोड़ने का एक प्रयास है। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जगवानी, समाजसेवी शशि गुप्ता, डॉ. पी थारवानी, डॉ. सुधा नामदेव और आश्रम से दीदी नलिनी, पल्लवी, रेशमा दीदी, नीलू दीदी और आरती दीदी प्रमुख रूप से शामिल थे। यह आयोजन समाज में सेवा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था।

## 20 को दिलाई जाएगी सद्भावना दिवस की शपथ

**शहडोल।** डिप्टी कलेक्टर ज्योति सिंह परस्ते ने जानकारी दी है कि 20 अगस्त 2025 को सद्भावना दिवस के अवसर पर अधिकारियो एवं कर्मचारियो को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सद्भावना शपथ सभी शासकीय कार्यालयों में 20 अगस्त को प्रात: 11 बजे सामूहिक रूप से ली जाएगी। सद्भावना दिवस के अवसर पर दिलाई जाने वाली शपथ- मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म, अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुन: प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/सुलझाउंगी।



# उप मुख्यमंत्री ने विशेष क्यूआर कोड का किया लोकार्पण

**क्यूआर कोड के माध्यम से छात्राएं, बच्चियां और बच्चे पुलिस को दे सकेंगे सूचना**

**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के अवसर पर एक विशेष क्यूआर कोड का लोकार्पण किया, जिसके माध्यम से छात्राएं, बच्चियां और बच्चे अपनी शिकायतें सीधे पुलिस विभाग तक पहुंचा सकेंगे। जिले के छात्रावासों और विभिन्न विद्यालयों, विशेषकर कन्या विद्यालयों में यह क्यूआर कोड लगाया जाएगा। शिकायत दर्ज कराने के लिए किसी भी छात्रा या छात्र को क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा, जिसके बाद एक ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। इसमें वे अपनी समस्या, सूचना या शिकायत लिखकर भेज सकेंगे। यह संदेश सीधे पुलिस अधीक्षक शहडोल, रामजी श्रीवास्तव और उनकी विशेष निगरानी टीम तक पहुंचेगा।

# एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आयोजित हुआ



**शहडोल।** 15 अगस्त को मानस भवन में आयोजित एक शाम राष्ट्र के नाम देशभक्तिमय कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, नृत्य, मार्शल आर्ट पर आधारित लाठी एवं शहीद भगत सिंह पर नाट्य रहा। साथ ही भूत पूर्व सैनिको की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये, (भूत पूर्व सैनिक कारगिल युद्ध का हिस्सा रहे), कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केदार सिंह कलेक्टर , मंचीय अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता जन परिषद् चेप्टर शहडोल के सम्भागीय अध्यक्ष शुभदीप खरे, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्भागीय उपाध्यक्ष पंडित जयप्रकाश नारायण गर्ग, बीपी तिवारी की उपस्थिति रही। उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजको में डॉ गोपाल प्रसाद निगम अधिवक्ता, ओंकार वर्मन, शेखर ढंड, क्रिस्टी भाई, अरुण शुक्ला, अभिदीप सोनी, संगीता शुक्ला प्रदेश महामंत्री बढ़ते क़दम परंपरागत् संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति शहडोल रहे कार्यक्रम का शुभारंभ शुभदीप खरे अध्यक्ष के अध्यक्षीय उद्बोधन एवं स्वागत भाषण के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें क्षतीसगढ से आई गायिका उमा मधुकर, सुरसुरी मिश्रा, रवीन्द्र वैद्य, विनोद शर्मा, सुजीत सिन्हा, अरुण द्विवेदी, अरफाना वेगम, विष्णु प्रताप सिंह,रवी मिश्रा जिला अध्यक्ष, संजय जैन कार्यवाहक अध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव, वरीष्ठ पत्रकार रघुवंश मिश्रा, रावेन्द्र कुमार सोनी, विनोद शुक्ला को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

**आयोजन** — भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

# घर-घर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**गोहपारू।** कामधेनु गौशाला ग्राम पंचायत रतहर जनपद पंचायत गोहपारू जिला शहडोल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हम भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना सहित भजन कीर्तन जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सचिव मीनाक्षी यादव एवं कार्यकर्ता राम यादव सहित रामकुशल यादव, सुरेश प्रसाद यादव, मुलायम यादव, कमलेश यादव,बेनी प्रसाद यादव राजकमल यादव, प्रेम लाल यादव,दिनेश यादव परमेश सिंह एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। गौशाला मैनेजर सहित समिति के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा।

## सरस्वती जनजातीय संस्कार केद्र में जन्माष्टमी कार्यक्रम

महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास द्वारा संचालित सरस्वती जनजातीय संस्कार केद्र पैलवाह संकुल गोहपारू मे जन्माष्टमी के पावन अवसर पर केद्र के माध्यम से मटकी फोड़ प्रतियोगिता एवं कृष्ण साज सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जिला शहडोल के जिला समन्वयक मनीष कुमार सोनी द्वारा बताया गया कि जिले मे संचालित सरस्वती जनजातीय संस्कार केद्र के माध्यम से अनेकों प्रकार के आने वाले तीज त्यौहार एवं महापुरुषों की जंयती मनाई जाती है एंव संस्कार केन्द्र मे पढ़ने वाले भैया बहिनों को यह भी बताया जाता है कि ये सब तीज त्यौहार एवं जंयती क्यो मनाया जाता है । कार्यक्रम मे उपस्थित जिला समन्वयक मनीष कुमार सोनी संकुल समन्वयक रामखेलावन पानिका आचार्य श्रवण कुमार यादव एवं संस्कार केद्र के संयोजक मण्डल एंव ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



### विभिन्न प्रसंगों से छात्राओं को कराया गया अवगत




शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय शहडोल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।प्रो. बी.के. सिंह के द्वारा भगवान श्री श्रीकृष्ण की जीवनगाथा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. सुनीता सिंह मरकाम विभागाध्यक्ष (हिंदी) के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी के जीवन परिचय एवं विभिन्न प्रसंगों से छात्राओं को अवगत कराया। स्टाफएवं छात्राओं के द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति गीत, भजन एवं भाषण प्रस्तुत किए गए।उक्त कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम विजेता आकांक्षा सिंह बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय विजेता महिमा केवट बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय विजेता हेमवती सिंह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राएं रहीं ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका मार्को द्वारा एवं रा.से.यो. प्रभारी डॉ. यमुना धुर्वे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफडॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. वीणा मेश्राम, प्रो. लाल सिंह बंजारा, प्रो. आर.एस. पासी, डॉ. गीता सिंह, शिखा कपूर, सुभाषिनी विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।